an>

Title: Need to lay pipe lines for supply of cooking gas in Kota city, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : कोटा शहर में वÂ◌ाऩ 2008-09 में गेल (इण्डिया) लिमिटेड द्वारा घरों में पाइप के माध्यम से गैस आपूर्ति का कार्य प्रारंभ करने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था। कंपनी का कोटा शहर के एक लाख घरों में पीएनजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य था और यह संपूर्ण परियोजना पाँच वÂ◌ा◌ा◌ें में पूर्ण की जानी थी किन्तु गैस आपूर्ति के लिए बनाई गई यह महत्वपूर्ण परियोजना निरन्तर उपेक्षा का शिकार हो रही है और कंपनी द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य अव्यवस्थित तरीके से किया गया है तथा पाइप लाइन में आपस में इंटर कनेक्शन भी नहीं किए गए हैं जिसके कारण शहर में केवल अब तक 191 घरेलू कनेक्शन दिए गए हैं। कोटा शहर राजस्थान का एकमात्र पहला शहर है जो पीएनजी आपूर्ति के लिए चयनित किया गया था किन्तु विभागीय उदासीनता के कारण यह परियोजना लंबे समय से लंबित हो रही है। कोटा में हजारों लोगों ने कनेक्शन के लिए आवेदन किए हैं लेकिन इंटर कनेक्शन न होने के कारण लोगों को कनेक्शन नहीं मिल रहे हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कोटा में पाइप लाइन जल्द से जल्द बिछाकर गैस की आपूर्ति सुचारू कराई जाए।